प्रीमियर का वक्तव्य

रंगो का उत्सव, होली: संयुक्त वक्तव्य

8 मार्च 2023

प्रीमियर डेनियल स्मिथ तथा राजन साहनी, मिनिस्टर ऑफ ट्रेड, इम्मिग्रेशन एण्ड मल्टीकल्चरलिज़्म की ओर से होली मनाने वाले सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं।

"हम सभी को होली की शुभकामनाएं देना चाहते हैं, जिसे रंगों के उत्सव के रूप में भी जाना जाता है।

"होली दक्षिण एशिया के सबसे बड़े त्यौहारों और समारोहों में से एक है। बसंत के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ होली हर पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करती है। यह मित्रों और प्रियजनों के साथ फिर से जुड़ने, और अतीत की समस्याओं को भूल जाने का समय होता है।

"इस त्यौहार का संबंध विविध रंगों से होता है जिन्हें उल्लास के साथ मौज-मस्ती करने वालों पर फेंका जाता है। इस मौज-मस्ती में भाग लेने वाले हर व्यक्ति को पूरी तरह से इंद्रधनुषी रंगों में रंग दिया जाता है।

"हमारे प्रोविंस को निवास के लिए इतनी शानदार जगह बनाने में होली उस बहुमूल्य भूमिका की याद दिलाती है जो सभी संस्कृतियों और परम्पराओं से जुड़े अल्बर्टा निवासी आपस में साझा करते हैं। अल्बर्टा की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत में से एक है, तथा हम स्वागत-योग्य और समावेशी समुदायों की सहायता करने में गर्व महसूस करते हैं।

"हमारी ये कामना है कि अल्बर्टा और पूरी दुनिया में इस उत्सव में भाग लेने वाले हर व्यक्ति का दिन खुशियों, आनन्द और मौज-मस्ती भरा रहे।"

मीडिया पूछताछ

रेब्बेका पोलक (Rebecca Polak)
rebecca.polak@gov.ab.ca
डायरेक्टर ऑफ डेली कम्यूनिकेशन्स एण्ड प्रेस सेक्रेटी
ऑफिस ऑफ दी प्रीमियर